समयबद्ध

संख्या-1/3/96-का-4/2001

प्रेषक,

भोला नाथ तिवारी,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

कार्मिक अनुभाग-4 लखनऊ : दिनॉक 14 मई, 2001

विषय:- स्थानान्तरण वर्ष 2000-2001 में स्थानान्तरण नीति के अनुपालन के संबंध में।

महोदय,

कृपया मेरे पूर्वाधिकारी के स्तर से जारी वार्षिक स्थानान्तरण नीति-2000-2001 संबंधी कार्मिक विभाग के समसंख्यक शासनादेश दिनॉक 30..6. 2000 का सन्दर्भ लेने का कष्ट करें।

2. उपरोक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया दिनॉक 16.5.2001 तक अवगत कराने का कष्ट करें कि दिनॉक ----- 1.11.2000 से वर्तमान वार्षिक स्थानान्तरण नीति के लागू होने तक अर्थात दिनॉक 20.4.2001 तक आपके विभाग में समूह "क'' श्रेणी के कितने अधिकारियों के स्थानान्तरण हुए और कितने मामलों में उपरोक्त शासनादेश दिनॉक 30.6.2000 के प्राविधान के अनुरूप मा0 मुख्यमंत्री जी का अनुमोदन प्राप्त किया गया है।

भवदीय,

(भोला नाथ तिवारी)
मुख्य सचिव